## एक नजर में

### कलेक्टर ने नया बस डीपो एवं कोतवाली थाना बनाने के लिए स्थल का निरीक्षण किया



शाजापुर, 12 फरवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय शाजापुर के पास खाली पड़ी जमीन पर नया बस डीपो बनाने के लिए स्थल का निरीक्षण किया. इसी तरह कलेक्टर सुश्री बाफना ने पुराने आरटीओ ऑफिस जो पूर्व में बस डीपों के लिए आवंटित था का निरीक्षण कर उक्त स्थल पर कोतवाली थाना बनाने के लिए संबंधित विभाग को भूमि आवंटित करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर को दिए. निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, नगरपालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित एवं पटवारी मौजूद थे.

### एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम आज

शाजापुर, 12 फरवरी. उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग शाजापुर के तत्वावधान में पॉली क्लीनिक जिला पशु चिकित्सालय शाजापुर में जीव जंतु कल्याण पखवाड़ा अंतर्गत 13 फरवरी को प्रात 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें शाजापुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से नागरिकगण अपने पालतु स्वान एवं बिल्ली को नि :शुल्क टीकाकरण करवा सकते हैं.

### सोलर पम्प स्थापना के लिए शिविर आयोजित



शाजापुर, 12 फरवरी. प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना अन्तर्गत सोलर पम्प स्थापना के लिए कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड शुजालपुर द्वारा शिविर आयोजित किया गया. उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने बताया कि जिले के चयनित कृषकों को प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना से लाभान्वित करने के लिए 10 से 18 फरवरी तक शिविर का आयोजन आगामी पूर्व निर्धारित स्थान शुजालपुर, पोलायकलां एवं कालापीपल में किया जाएगा. जिससे कि जिले के किसान भाईयों को ज्यादा से ज्यादा उक्त योजना से लाभान्वित किया जा सके. इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड शुजालपुर, प्रभारी मप्र ऊर्जा निगम लिमिटेड, प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया, प्रबंधक लीड बैंक एवं अधीक्षक यंत्री एमपीईबी के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### विट्ठल मंदिर में हुआ भंडारा

शुजालपुर, 12 फरवरी. महाराष्ट्र समाज शुजालपुर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री संत रामदास नवमी का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया. इस अवसर पर शुजालपुर सिटी स्थित विट्ठल मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें समाजजन सहित विभिन्न धर्मों के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया. प्रात :काल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं ने संत रामदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया. इसके बाद भजन-कीर्तन का दौर चला, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा. भंडारे में बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे. स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालते हुए श्रद्धालुओं को ससम्मान प्रसादी वितरित की. आयोजन स्थल पर साफ.-सफाई एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था की सराहना भी की गई. समाजजनों ने बताया कि संत रामदास नवमी का पर्व समाज में एकता, सेवा और सद्भाव का संदेश देता है. ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है. आयोजन के अंत में सभी ने समाज की उन्नति एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की.

# मारपीट का बदला लेने के लिए रंजिश में की थी हत्या

## एक आरोपी कोटा से गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

**शुजालपुर, 12 फरवरी. मंडी थाना क्षेत्र में ग्राम अमलाय पत्थरकी के समीप 7 फरवरी को सीहोर निवासी धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेशचन्द्र शर्मा की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश की गई थी. उस हत्याकांड में पुलिस को अहम सफलता मिली है. मामले में एक आरोपी बादल को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरा आरोपी चिराग अब भी फरार है. पुलिस ने बादल को कोटा राजस्थान से गिरफ्तार किया. पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में पकडे गए आरोपी बादल ने हत्या करने के पीछे रंजीश का कारण बताया.**

बता दें निपानिया देव मार्ग पर अमलाय पत्थर के पास स्थित एक खेत में 8 फरवरी की सुबह एक युवक का अर्द्धजला शव मिला था, जिसकी पहचान धर्मेंद्र शर्मा पिता रमेश प्रसाद शर्मा 27 वर्ष निवासी ब्रह्मपुरी कॉलोनी, सीहोर के रूप में हुई है. वह कांबेश्वर धाम में पूजा सामग्री बेचने का कार्य करता था और किराए के मकान में रह रहा था. परिजनों द्वारा 7 फरवरी को कोतवाली थाना सीहोर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी. पुलिस जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने पहले धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और बाद में उसका गला रेतकर हत्या कर दी. पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव पर स्पिरिट डालकर उसे जलाने का प्रयास किया गया. इसके बाद शव को एक किसान के खेत में फेंक दिया गया था.

**आरोपी के साथ हुई थी मारपीट**

सीहोर निवासी धर्मेन्द्र शर्मा की हत्या के आरोप में पकड़े गए बादल से प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को पता चला कि हत्या के लगभग 8 दिवस पूर्व मृतक के परिवार एवं आरोपी पक्ष के मध्य मजदूरी के रुपयों को लेकर विवाद हुआ था और आरोपी के साथ मारपीट की गई थी. इसी रंजीश के चलते आरोपी बादल व चिराग 7 फरवरी को धर्मेन्द्र को उसके घर से बाइक पर लेकर गए, जहां से वे अमलाय पत्थरकी के समीप पहुंचे, रास्ते में 3-4 स्थान पर तीनों ने शराब भी पी. साथ ही अरनियाकलां के समीप एक ढाबे पर उनके मध्य 7 फरवरी की रात को विवाद भी हुआ. आरोपी ने पुलिस को बताया कि वारदात नशे और गुस्से की स्थिति में हुई. धर्मेन्द्र का चाकू से गला रेतकर हत्या की गई और स्प्रीट से उसका शव जलाने का प्रयास किया. मंडी पुलिस द्वारा फरार आरोपी चिराग की तलाश की जा रही है और पकडे गए आरोपी बादल से विस्तृत पूछताछ की जा रही है. थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी शिवकुमार यादव ने बताया कि धर्मेन्द्र शर्मा हत्या कांड में एक आरोपी को राउंडअप किया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है. इस मामले में जल्द ही पुरा खुलासा किया जाएगा.

# 4 नमूने लेकर 36 हजार से ज्यादा मूल्य की सामग्री जब्त की

## रेस्टोरेंट, चौपाटी तथा बेकरी पर संयुक्त दल ने किया औचक निरीक्षण

**शाजापुर, 12 फरवरी. आम लोगों को बाजार में गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री मिले, इसका जिम्मा खाद्य सुरक्षा विभाग का है. लंबे समय बाद विभाग के साथ संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण व कार्रवाई की गई. इस दौरान 4 नमूने लेकर और 36 हजार से ज्यादा मूल्य की सामग्री जप्त की गई वहीं दूसरी ओर शंकास्पद सामग्री को नष्ट भी करवाया गया. आमजनों का कहना है कि संयुक्त दल द्वारा इस तरह की कार्रवाई सतत की जाना चाहिए.**

त्योहारों व शादी विवाह का सीजन चल रहा है. इस दौरान बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री का बाजार से उठाव हो रहा है. ऐसे में अच्छी सामग्री के साथ ही दूषित व अमानक सामग्री के विक्रय की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है. ऐसे में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग के दल ने निरीक्षण व कार्रवाई की.

**नोटिस होंगे जारी**

उन्होंने बताया कि किचन एवं बेकरी परिसर में साफ सफाई एवं खाद्य सामग्री को ढंक कर रखने, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक पृथक संग्रहण किए जाने संबंधी सुधार के लिए नोटिस जारी किए जा रहे है. जांच दल में दल प्रभारी तहसीलदार नाहिद अंजुम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वर्मा एवं केएल कुंभकार, कस्बा पटवारी ताहिर सिद्दकी तथा गोपाल मालवीय, स्थानीय पुलिस बल शामिल रहा.

### मसाले,मैदा, बेसन सेंव आदि नष्ट करवाए...

खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि दल की संयुक्त कार्यवाही में सर्वप्रथम जनक बेकरी से विक्रय सामग्री की पैकिंग डेट एक्सपायरी की जांच की गई. वहीं संयुक्त कार्यवाही के तहत वैष्णव रेस्टोरेंट एवं चाट चौपाटी से ग्रेवी का नमूना लिया गया तथा छोटे-छोटे थैलियों में रखे बचे विभिन्न प्रकार के मसाले,मैदा, बेसन, सेव आदि नष्ट करवाए.



### सैंपलों को जांच के लिए भोपाल भेजा...

इसके उपरांत आलीशान बेकरी मुरादपुरा रोड डासी से देव कृपा टोस्ट एवं बिना लेबल के पैक तिल्ली टोस्ट, टोस्ट बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले पाम तेल के सैंपल लिए तथा 75 पेटी देव कृपा टोस्ट, 5 कट्टे बिना लेबल वाले तिल्ली टोस्ट एवं 10 टिन पाम तेल कुल 36575 रुपए की सामग्री जप्त कर आगामी आदेश तक छेड़छाड़ न करने की शर्त पर संबंधित संचालक इमरान की सुपुर्दगी में दिए गए. चारों सैंपल जांच के लिए खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए हैं. खाद्य विश्लेषक कार्यालय से प्राप्त जांच रिपोर्ट अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी.

# विद्यालय का 100 प्रतिशत रिजल्ट लाने का प्रयास करें

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शाजापुर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई

**शाजापुर, 12 फरवर. कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शाजापुर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई. कलेक्टर सुश्री बाफना ने विद्यालय प्राचार्य को आगामी कक्षा 10वी एवं 12वी की बोर्ड परीक्षाओं की आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने एवं विद्यालय का 100 प्रतिशत रिजल्ट लाने का प्रयास करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट कराने, कक्षा 10वी में एक अतिरिक्त सेक्शन के लिए आवश्यक फर्नीचर आदि की व्यवस्था करने, विद्यालय में सोलर पैनल लगवाने, पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित करने, विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट कराने, विद्यालय में खेल गतिविधियां प्रभावित न हो इसके लिए खेल शिक्षक की व्यवस्था करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश विद्यालय प्राचार्य को दिए.**



कलेक्टर ने नगरपालिका सीएमओ को विद्यालय में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए. इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए.बैठक के दौरान विद्यालय के सत्र 2025-26 की के लिए होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों की तैयारी, विद्यालय में पानी की समस्या, कक्षा दसवीं के नए क्षेत्र के लिए फर्नीचर खरीद की अनुमति, जिला जेल से विद्यालय तक आने वाले सड़क मार्ग के चौड़ीकरण एवं विद्यालय विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की गई. इसके पूर्व बैठक का शुभारंभ कलेक्टर सुश्री बाफना एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. बैठक के अंत में प्राचार्य डॉ. श्रीमती संध्या एसतरफदार ने आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका श्रीमती प्रियंका मालवीय ने किया.

इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले एवं सदस्यों के रूप में नगर पालिका मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र दीक्षित, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज प्राचार्य विपुल परमार्थी, उत्कृष्ट विद्यालय सेवानिवृत प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई, ईटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज प्राचार्य श्रीमती सौदामिनी झाला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.मनोज पंचोली, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधक पंकज यादव, तकनीकी सदस्य दीपक यादव, अभिभावक सदस्य राजेश कुमार राठौर व श्रीमती रश्मि सोनी, शिक्षक लोकेश कुमार गुप्ता, शिक्षक पुरुषोत्तम पाटीदार, शिक्षक पंकज वर्मा, कमल पाटीदार एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे.

# शिक्षा से उज्जवल होता है भविष्य शिक्षा समाज और देश की नींव

## अर्धसैनिक बलों में चयन पर किया सम्मान

**शुजालपुर, 12 फरवरी. शिक्षा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है. शिक्षा के माध्यम से ही युवाओं का भविष्य उज्जवल बनता है और देश को सशक्त दिशा मिलती है. यह बात प्रदेश महामंत्री एवं नगरपालिका अध्यक्ष बबीता बेनी प्रसाद परमार ने कोचिंग संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही.**

अर्धसैनिक बलों में सात विद्यार्थियों के चयन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज का आईना है और मेहनत, अनुशासन व समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है. उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. अर्धसैनिक बलों में चयनित विद्यार्थियों में कुमकुम परमार पिता लक्ष्मीनारायण निवासी ग्राम झाड़पिपल्या का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, खुशबू मेवाड़ा पिता नारायण सिंह निवासी ग्राम रानी बड़ौद का चयन सीमा सुरक्षा बल, नीलू परमार पिता हिंदू सिंह निवासी ग्राम टीकोद का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भावना परमार पिता राधाकृष्ण निवासी ग्राम बिशनखेड़ा का चयन सीमा सुरक्षा बल, चेतन गोस्वामी पिता दुर्गाप्रसाद निवासी ग्राम रसूलपुरा खुजनेर का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, महेंद्र मेवाड़ा निवासी सलसलाई का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा कान्हा कलमोदिया पिता संतोष निवासी ग्राम तिलावद का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है. कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया. इस अवसर पर शिक्षक श्याम परमार, विजेंद्र सिसोदिया, जितेंद्र विश्वकर्मा, अरमान खान, रवि विश्वकर्मा एवं राज चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों की उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया.

### शिविर का आयोजन

शाजापुर, 12 फरवरी. वृद्धजन सेवा निकेतन बापू की कुटिया के पास लालघाटी में समग्र कल्याण शिविर आयोजित किया गया. इस अवसर पर रघुवीर सिंह पंवार, राजेन्द्र रिणवा उपस्थित थे. जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि शिविर में शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विषय पर विस्तृत रूप में जानकारी दी गई. वृद्धजन शिविर में 54 वृद्धजनों का निरूशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर बीपी शुगर की जांच की गई. साथ ही निशुल्क आयुर्वेद औषधियां प्रदान की गई. इस दौरान चिकित्सकों द्वारा वृद्धावस्था में आवश्यक बाते जैसे आहर-विहार, ऋतुचर्या-दिनचर्या के बारे में बताया गया. उल्लेखनीय है कि जिले में वरिष्ठजनों के लिए विभिन्न योजनाए एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं.

# लापरवाही : घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा

## वार्ड 24 फ्रीगंज के रहवासी परेशान, कहीं नाली निर्माण नहीं हुआ, तो कहीं निर्माण के बाद भी जल भराव

**शुजालपुर, 12 फरवरी. शहर के वार्ड क्रमांक 24 स्थित फ्रीगंज क्षेत्र में पांडूरंग नगर से सटे हुए हिस्से में रहवासी घरों से निकलने वाले गंदे पानी का फैलाव सड़कों पर होने से परेशान हैं. इस क्षेत्र में सीसी रोड का निर्माण तो हो गया, लेकिन गंदे पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं की गई. उधर, हाल ही में कराए गए नाली निर्माण के बावजूद जल निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है.**



क्षेत्र में सड़क पर गंदा पानी जमा होने से रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लोगों को घर से निकलने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण कार्य तो कर दिया गया, लेकिन पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ. हल्की बारिश या घरों से निकलने वाला दैनिक उपयोग का पानी भी सड़क पर भर जाता है. इससे आवागमन बाधित हो रहा है और छोटे बच्चों व बुजुर्गों को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है.

**अब तक नहीं ढंकी नालियां**

रहवासियों ने यह भी बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व बनी सड़क के किनारे की नालियां अब तक ढकी नहीं गई हैं. खुली नालियों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब अंधेरे में लोगों को खुली नालियां दिखाई नहीं देतीं.

### ...तो पार्षद निवास का घेराव करेंगे...

युवा नेता रजत सोनानिया ने क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्या को गंभीर बताते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है. उन्होंने कहा कि नाली निर्माण के बाद भी यदि पानी सड़क पर जमा हो रहा है तो यह कार्य की गुणवत्ता और योजना पर प्रश्नचिह्न है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता वार्ड पार्षद के निवास का घेराव कर आंदोलन करेंगे. क्षेत्रवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जाए और जहां नालियों का निर्माण हुआ है वहां तकनीकी जांच कराई जाए, जल निकासी के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए तथा खुली नालियों को शीघ्र ढंकवाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके.

## एक नजर में

### कलेक्टर ने की एक गांव एक कृषि उद्योग स्थापना की समीक्षा

# जिले में नवीन उद्योग स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें

**सोयतकलां, 12 फरवरी. जिले में नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, उद्योग स्थापित करने में हितग्राहियों को किसी प्रकार की समस्या न होए इसके लिए विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें. उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को आयोजित ष्एक गांव एक कृषि उद्योग स्थापना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए.**



कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक गांव में स्थानीय संसाधनों पर आधारित कृषि उद्योग स्थापित करने हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाए, शासन की स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ते हुए इच्छुक हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए, उन्होंने जिला प्रबंधक लीड बैंक श्रीकांत सक्सेना को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को बैंकों से ऋण सुविधा सरलता से उपलब्ध हो तथा प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें. बैठक में परियोजना अधिकारी श्री जितेंद्र सिंह सेंगर, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी सुरेंद्र यादव, जिला प्रबंधक उद्योग विभाग राम सोलंकी, कुलदीप यादव, डॉ. अंकित जैन, पशुपालन विभाग सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

**157 उद्योग स्थापित किए**

जिला परियोजना अधिकारी मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन संजय सक्सेना ने बताया कि जिले में 157 उद्योग स्थापित किए गए हैं, जिनकी कुल लागत 171.82 लाख रुपये है तथा 71 लाख रुपये की शासकीय सहायता प्रदान की गई है, ग्राम आवर एवं पालखेड़ी में पशु आहार निर्माण इकाइयां स्थापित की गई हैं. हितग्राहियों ने भी अपने अनुभव साझा किए, श्रीमती हवाबाई ने जिला चिकित्सालय में संचालित कैंटीन से प्रतिमाह 5 से 7 हजार रुपये की आय होने की जानकारी दी तथा भविष्य में भोजन एवं नाश्ता विक्रय प्रारंभ करने की योजना बताई. पशुपालन विभाग के हितग्राही श्याम यादव एवं दिलीप तंवर द्वारा 100-100 बकरियों की इकाई स्थापित कर बकरी पालन व्यवसाय प्रारंभ किया गया है. उद्यानिकी विभाग की एमएसएमई योजना अंतर्गत श्रीमती अनिता पाटीदार एवं दिनेश कुमार द्वारा आटा मिल एवं ऑयल मिल स्थापित की गई है, जहां आटा, तेल एवं खली का उत्पादन किया जाएगा.

### विभागों की प्रगति की समीक्षा...

बैठक में उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग विजय चौरसिया ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत जिले में 20 बायो रिसोर्स सेंटर बीआरसी स्थापित किए गए हैं. इन केंद्रों पर जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, ह्यूमिक एसिड, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी एवं पंचपर्णी जैसे जैविक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं. साथ ही गोबर क्रय कर गौशालाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा है तथा किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु मार्गदर्शन दिया जा रहा है.

### ए 2 घी उत्पादन पर जोर...

कलेक्टर श्रीमती यादव ने पशुपालकों को देशी मालवी नस्ल की गायों से प्राकृतिक ए 2 घी तैयार कर अधिक मूल्य अर्जित करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि पशुओं को प्राकृतिक, देशी एवं रसायनमुक्त चारा एवं पशुआहार प्रदान कर प्रोटीनयुक्त, पौष्टिक एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला ए 2 घी तैयार किया जा सकता है, जिससे आय में वृद्धि होगी.

### नेशनल लोक अदालत 15 मार्च को

शाजापुर, 12 फरवरी. मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 14 मार्च 2026 शनिवार को शाजापुर जिला एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा. उक्त नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण प्रकरण, विद्युत एवं जल कर बिल संबंधी प्रकरण, सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा प्रकरण, अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा. नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समय-समय पर पूर्व तैयारियों के लिए बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिससे अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण सुनिश्चित किया जा सके. लोक अदालत में पक्षकारगण अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं छूट का लाभ प्राप्त कर सकेंगे.